भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 154 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
19 नवम्बर 2023 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
19 न्यूनतम



आज से चालीस साल पहले भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार विश्वविजेता बनी थी, जीत के बाद मैदानमें झूमते कपिल देव व दर्शकों का चित्र।

# आज का सबसे बड़ा सवाल, कौन बनेगा चैंपियन

आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

वर्ल्डकप मैच
दोपहर 2 बजे से




क्रिकेट के महाकुंभ यानी वर्ल्ड कप 2023 का आज समापन है। अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले फाइनल को लेकर क्रिकेट खेल प्रेमियों का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा है।आज होने वाले इस हाई वोल्टेज मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम आमने सामने हैं। दिग्गज सितारों से सजी टीम इंडिया के सामने पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की चुनौती है। भले ही टीम इंडिया का हालिया प्रदर्शन ही,संयोग और हालात के गणित यह बयां कर रहे हैं, कि इस बार वर्ल्ड चैंपियन बनने की फिर हमारी बारी है लेकिन सच तो यह है कि क्रिकेट के खेल में इतिहास व गणित से ज्यादा मायने दिन विशेष पर खिलाड़ियों का प्रदर्शन ज्यादा अहम होता है। टीम इंडिया के लिहाज से 03 वर्ल्ड कप का फायनल का आज भी कई खिलाड़ियों का न भूलने वाला सपना बना था। इसी वजह से आज अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले खिताबी मुकाबले पर सभी की निगाहें हैं। इसका अंदाजा लगाना वाकई मुश्किल है कि इस साल कौनसी टीम चैंपियन बनने वाली है। लेकिन फिर भी कहीं न कहीं टीम इंडिया का पलड़ा यहां भारी है। टीम इंडिया शानदार लय में है और इस टूर्नामेंट में अपने सभी 10 मैच जीतने में सफल रही है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत के बाद दमदार वापसी की और अब फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। दोनों टीमों के प्रदर्शन में बड़ा अंतर यह रहा है कि भारतीय टीम एकतरफा अंदाज में अपने अधिकतर मुकाबले जीती है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को कई मुकाबलों में संघर्ष करने के बाद जीत मिली है। अगर हम दोनों टीमों की ताकत व कमजोरी पर नजर डालें तो टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सहित सभी बल्लेबाज अच्छी लय में हैं लेकिन भारत के अभियान में जिसने सबसे बड़ा अंतर पैदा किया वह हैं मोहम्मद शमी। हार्दिक पंड्या के चोटिल होने से पहले शुरुआती मुकाबलों में प्लेइंग इलेवन से बाहर रहने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 23 विकेट चटकाकर टीम को अजेय बनाने में अहम किरदार निभाया है ।वहीं ऑस्ट्रेलिया टीम के कई बल्लेबाजों ने बड़ी पारियां तो खेली हैं लेकिन सभी ने यह कारनामा अलग अलग मैच में किया है, इस वजह से टीम मैच में संघर्ष करती नजर आयी है। मतलब साफ है कि टीम के खिलाड़ियों ने एकजुट की बजाय टुकड़ों में अपना दमदार खेल दिखाया। वहीं टीम इंडिया का यही सबसे मजबूत पक्ष रहा है जिसके कारण मौजूदा वर्ल्ड कप में कामयाब रोहित सेना के सामने कोई भी टीम चुनौती नहीं दे सकी है।

## पिच का मिजाज भी महत्वपूर्ण

फाइनल मुकाबले में पिच का बर्ताव भी दिलचस्प रहने वाला है। इस वर्ल्ड कप में अब तक खेले गए किसी भी मैच में बड़ा स्कोर नहीं बना है। अब तक हुए 4 मुकाबलों में से किसी भी मैच की एक पारी में 300 से ज्यादा रन नहीं बने हैं।अब तक टीम इंडिया की बल्लेबाजी व गेंदबाजी भले ही बेहद ताड़तवर व दमदार रही है,लेकिन टीम मैनजमेंट के जहन में 5 गेंदबाजी विकल्प के संयोजन पर ही फाइनल दांव खेला जाता है या फिर गेंदबाजी ओर बल्लेबाजी का कोई नया फॉर्मूला आजमाया जाता है। यही अंतिम एकादश का एकमात्र रोचक पहलू रहने वाला है।पिच के बाद टॉस के भी गणित इस मैच में आसान नहीं रहने वाले हैं। टॉस विजेता टीम बड़े मैच में पहले बल्लेबाजी कर स्कोर बोर्ड प्रेशर का फायदा उठाना चाहेगी। लेकिन टीम इंडिया के सामने ऑस्ट्रेलिया टीम इसका कितना फायदा उठा पायेगी,यह सवाल वाकई बेहद जटिल है। वैसे ऑस्ट्रेलिया टीम बड़े मैचों में दमदार खेल दिखाती है लेकिन देखना यह है कि भारतीय सरजमीं पर 1 लाख 30 हजार घरेलू समर्थको की मौजूदगी में आईपीएल के कारण यहां की परिस्थितियों से भली भांति परिचित यह टीम घरेलू चैंपियन से कैसे व कितना मुकाबला करती है।

### चुनाव आचार संहिता के चलते सवा महीने से ठप् हैं कामकाज व सुनवाईयां...

# काम पर लौटने की तैयारी में सरकार कल से सरकारी दफ्तर होंगे गुलजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

करीब डेढ महीने की 'खामोशी' के बाद अब सरकार काम पर लौटने वाली है, हालांकि नई सरकार के काम संभालने में अभी भी तीन सप्ताह का वक्त है लेकिन तब तक मौजूदा सरकार के कामकाज शुरू हो रहे हैं। दरअल मतदान की प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब मंत्रालय समेत विभागीय मुख्यालयों व जिलों में कलेक्टोरेट में रोजमर्रा के कामकाज की 'रौनक' कल सोमवार से शुरू होगी। सोमवार से मंत्रालय और डायरेक्टोरेट के दफ्तरों में अधिकारियों की मौजूदगी के साथ लंबे समय से अटकी फाइलों को आगे बढाने व निपटाने का काम शुरू होगा। खास बात यह है कि चुनाव के ऐलान व आचार संहिता के चलते जनसुनवाई और जनता की




समस्याओं से जुडी कई सरकारी सेवाएं भी शुरू हो सकती हैं। अधिकारी इसके बारे में विचार कर रहे हैं तथा जरूरी होने पर चुनाव आयोग से भी परामर्श मांगा जाएगा। अफसरों का कहना है कि ऐसे काम फिलहाल शुरू करे जाएंगे, जिसका सीधा प्रभाव मतगणना में नहीं पड़ने वाला है। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता के बाद से राज्य मंत्रालय व विभागीय मुख्यालयों का काम काफी सिमट गया था, मुख्यमंत्री व मंत्री भी चुनाव में व्यस्त थे,लिहाजा बैठकें, समीक्षा आदि भी रुकी हुई थीं। जानकारों का कहना है कि कृषि,बिजली की जरूरतों और अन्य कुछ जरूरी मुद्दों पर संबंधित विभाग अपना काम शुरू करने वाले हैं।

## सियासी गलियारे खामोश,कमराबंद बैठकें



मतदान के नतीजों में अभी दो सप्ताह का वक्त है लेकिन भाजपा व कांग्रेस के नेता व विधायक मंत्री सभी चुनावी गणितों को समझने में जुटे हैं। मप्र में सरकार बनाने के लिये दल को 115 से ज्यादा सीटें चाहिये हैं। हालांकि इस बार करीब 21 सीटें ऐसी रहीं, जहां त्रिकोणीय मुकाबला बेहद तीखा हुआ है। इनमें से 12 सीटों पर भाजपा और 8 पर कांग्रेस उम्मीदवार काफी उलझे हुए नजर आये थे। इसके अलावा भाजपा-कांग्रेस के बागी नेता भी मैदान में डटे रहे। लिहाजा सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी ने भी इस विवाद का फायदा उठाने की कोशिशें की हैं। माना जा रहा है कि उप्र के सीमावर्ती इलाकों में सपा बसपा प्रभाव दिखा सकती है,इसका खामियाजा कांग्रेस व भाजपा दोनो को उठाना पड सकता है। वहीं आप पार्टी ने विंध्य समेत कुछ इलाकों में सक्रियता दिखाई है,इसका प्रभाव भी आंकने की कोशिश दोनों बड़े दल अब कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ लगातार उम्मीदवारों व वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में है। दोनों ही अपने दलों के प्रचार अभियान में आगे रहे है।

## फिल्म अभिनेता का शव कार में मिला



**कोच्चि, एजेंसी।**

मलयालम इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता विनोद थॉमस का कोट्टायम के पंपडी के पास एक होटल परिसर में कार के अंदर शव मिला है। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक लंबे समय से परिसर में कार में एक शख्स मौजूद था। जिसकी जानकारी पुलिस को होटल प्रबंधन ने दी। इसके बाद उन्होंने शव की शिनाख्त शुरू की। शिनाख्त के दौरान उन्हें पता चला कि यह डेड बॉडी 47 वर्षीय मलयाली एक्टर विनोद थॉमस की है। फिलहाल एक्टर की डेड बॉडी को कोट्टायम पंपडी तालुक हॉस्पिटल में रखा गया है। पुलिस ने कहा है कि वह कार के अंदर मिले, जिसके बाद हम उन्हें तुरंत ही पास के अस्पताल में लेकर गए। डॉक्टर ने उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है कि एक्टर का निधन कैसे हुआ। विनोद थॉमस के निधन की सूचना उनके परिवार को दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद एक्टर का शव उनके परिवार को दे दिया जाएगा

## सड़क हादसा:6 पुलिसकर्मियों की मौत

**नागौर , एजेंसी।**

राजस्थान के नागौर में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां पुलिस जवानों से भरी गाड़ी ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में छह पुलिस जवानों की मौत हो गई। तीन अन्य पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी पुलिस जवान चुनाव ड्यूटी के लिए जा रहे थे। खबरों के मुताबिक अत्यधिक थकान और लगातार ड्यूटी बनी हादसे की वजह, जिन पुलिस कर्मियों की हादसे में मौत हुई वे लगातार तीन दिन से ड्यूटी पर ही थे। वहीं, दूसरे दिन नागौर में पीएम की रैली में दिनभर, इसके बाद ट्रैफिक को निकालने में रात तक ड्यूटी की। इसके बाद रात नौ बजे आदेश आया कि तुरन्त जाब्ता झुंझुनूं रिपोर्ट करे। इस लंबी ड्यूटी की



आपाधापी, गहरी थकान और एक जिले से दूसरे जिले में जाने के लिए किसी संसाधन का इंतजाम नहीं होना। अपने स्तर पर ही गन्तव्य तक पहुंचने के लिए खुद ही गाड़ी का इंतजाम किया गया।

## गोयनका का तंज-मुफ्त में टिकट चाहते हैं अमीर

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में आज विश्वकप के फाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों की भिड़ंत का रोमांच हावी है। सोशल मीडिया में लगातार मुकाबले को लेकर चर्चाएं चल रही है। इसी बीच विश्वकप मुकाबले को लेकर उद्योगपति हर्ष गोयनका के पोस्ट को लेकर तमाम प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी है। पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, व्यवसायियों को विश्वकप फाइनल देखने के लिए मुफ्त पास दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने लिखा, मेरे किसी भी व्यवसायी दोस्त ने विश्वकप फइनल के टिकट पाने के लिए भुगतान नहीं किया है, वे सभी 'पास' लेने में कामयाब रहे हैं। यहीं विडंबना है - यह अमीर हैं जो भुगतान नहीं करना चाहते हैं।






**मेट्रो एंकर** | एक ग्रामीण की बीहड़ में पिटाई के बाद खोजबीन शुरू

# चार दस्यु सुंदरी और डेढ़ दर्जन डकैतों का गिरोह बीहडों में! पुलिस ने तैनात किए ड्रोन

**आगरा , एजेंसी।**

चंबल के बीहडों में फिर से कुछ दस्युओं की दस्तक से पुलिस अलर्ट है और बीहडों में हलचल है। दरअसल पिनाहट के गांव पड्आपुरा के नीचे चंबल के बीहड़ में बंदूकधारी दस्यु गिरोह की दस्तक से पुलिस सक्रिय हुई है। खास बात यह है कि पुलिस सूचना के मुताबिक बीहडों में चार दस्यु सुंदरियों वाले गिरोह को देखा गया है। इसके चलते कांबिंग की जा रही है। अब तक तो पुलिस के हाथ कुछ नहीं लग सका है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस अब महिला दस्युओं व इनके गिरोह के बारे में पता करने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ले रही है। थाना पिनाहट के गांव पड्आपुरा निवासी सिंटू सिंह तीन दिन पहले जंगल में तीन किलोमीटर अंदर बीहड़ तक लकड़ी लेने पहुंचे थे। तभी उन्हें बंदूकधारी 10-15 लोग नजर आए। इनमें 4 महिलाएं भी थीं। सिंटू ने पुलिस को बताया कि



प्रतीकात्मक चित्र

उसे दस्युओं ने पकड़ लिया। इसके बाद बंदूकों की बटों से पीटा। एक दस्यु गोली मारने के लिए बंदूक उठा चुका था। मगर, तभी एक दस्यु सुंदरी बीच में आ गई। उसने रोक दिया, जिससे उसकी जान बच गई। वह किसी तरह लौटकर आया। हालांकि पुलिस का कहना है कि पीडित ने अपने बयान में बंदूकों की बटों से पिटाई की बात कही थी, लेकिन उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं है।

## उप्र,मप्र व राजस्थान पुलिस सक्रिय

इस मामले में आगरा के डीसीपी पूर्वी जोन सोमेंद्र मीणा का कहना है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती गांवों में पुलिस सक्रिय है। दस्युओं की जानकारी पर कांबिंग की गई। दो घंटे तक पुलिस बीहड़ में ही सक्रिय रही। मगर, दस्युओं के आने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। फिर भी ड्रोन कैमरों से भी देखा जा रहा है। अभी ग्रामीण की ओर से मुकदमा भी दर्ज नहीं कराया है।

### शराब ने मचाया खुशहाल परिवार में कोहराम : पत्नी ने कहा-वह शराब पीने में सहज नहीं, यह बात परिवार समझने को तैयार नहीं

# पति की जिद पत्नी पिए शराब, नहीं तो दे दूंगा तलाक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**शराब रिश्तों में दरार डालने और परिवार तोड़ने का काम करती है। ऐसा ही एक उदाहरण राजधानी में सामने आया है। जहां शराब ने एक दंपति के बीच तलाक की नौबत ला दी है। मामले में पति जिद के लिए बैठा है कि वह पत्नी से तलाक चाहता है, क्योंकि पार्टी में पत्नी इंजॉय नहीं करती। यहां एंजॉय से पति का मतलब शराब पीने और डांस मस्ती आदि से है। इसलिए अब वह पत्नी के साथ रहना नहीं चाहता। हालांकि पत्नी अपना घर नहीं तोड़ना चाहती है।**

पत्नी का कहना है कि वह नहीं चाहती कि उसके बेटे की नजर में उसकी इमेज भी शराबी वाली बने। दूसरा वह शराब पीने में सहज नहीं है इतनी सी बात परिवार समझने को तैयार नहीं है। मामले में दंपति की काउंसलिंग की जा रही है। काउंसलर ने पति और परिवार को समझाया है कि अगर पत्नी शराब पीने के लिए तैयार नहीं है तो उसपर जोर न डालें। मामला अभी विचाराधीन है।



### शादी को हो गए 6 साल, एक बेटा भी है

हायर मिडिल क्लास परिवार के दंपति की शादी को छह साल हुए हैं और चार साल का एक बेटा भी है। पति मल्टीनेशनल कंपनी के साथ काम करता है। पति का पूरा परिवार चार हिस्सों में बने मकान में रहता है और आए दिन पार्टी होती हैं। पति ने कहा कि उसका परिवार जिसमें घर की महिलाएं भी अपने लाइफ पार्टनर को कंपनी देने शराब पीती हैं। वहीं, उसकी पत्नी एक तरफ मुंह फुलाए बैठी रहती है। इस मामले में बहस होने पर पत्नी अक्सर बेटे को लेकर मायके चली जाती है। पति ने कहा कि इस बार तो हद हो गई। पार्टी में सभी लोग उसका मजाक उड़ा रहे थे कि यार तुम्हारी पत्नी तो बहनजी टाइप है। परेशान होकर उसकी मां ने बहू से कहा कि अपने पति की खातिर सॉफ्ट ड्रिंक में मिलाकर दो घूंट ही पी लो। इस पर पत्नी भड़क उठी और पार्टी में खासा हंगामा किया।

### जूस पीती है तो पति का परिवार आंखे तरेरता है

मामले में पत्नी ने कहा कि उसके मायके में कोई शराब छूता भी नहीं। जब ससुराल गई तो ऐसा माहौल देखकर दंग रह गई। बावजूद उसने कभी भी पति या परिवार में किसी को शराब छोड़ने को नहीं कहा क्योंकि यह उनके कल्चर का हिस्सा बन चुका है। लेकिन जब वह पार्टी में जूस पीती है तो परिवार आंखे तरेरता है और बार-बार उसे कंपनी देने के लिए कहा जाता है। धीरे-धीरे उसपर दबाव बढ़ने लगा और विवाद शुरू हो गया।

### दीपावली के धुएं का असर खत्म, लेकिन धूल और वाहनों के धुएं का असर रोज कर रहा परेशान

# जितने बड़े शहर, उतनी ही प्रदूषित हवा में सांस ले रहे वहां के नागरिक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**दीपावली के त्यौहार को बीते हुए एक सप्ताह हो रहा है और अभी चुनाव जीतने का जश्न मनाना बाकी है। इस स्थिति के बावजूद वायु प्रदूषण रिकार्ड बनाना रहा है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति भोपाल, ग्वालियर, इंदौर व जबलपुर जैसे बड़े शहरों की है। यहां ठंड के सामान्य दिनों में रिकार्ड वायु प्रदूषण है। भोपाल में रविवार सुबह 10 बजे इंडेक्स 350, ग्वालियर में 302 और इंदौर-जबलपुर में 310 के पार रहा है।**

इंडेक्स का इस स्तर पर पहुंचना बताता है कि इन शहरों में हवा में प्रदूषण का स्तर गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। ऐसी हवा स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। खासकर श्वास रोगी, फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे लोग, नवजात शिशु, बुजुर्ग के लिए प्रदूषण का यह स्तर तुरंत भी नुकसान पहुंचा सकता है।

असल में वायु प्रदूषण से शहर के लोगों को राहत नहीं मिल रही है। धूल और वाहनों के धुएं के कारण प्रदूषण का स्तर बना हुआ है। जिसके कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब दीपावली पर जलाए गए पटाखों के धुएं का असर खत्म हो चुका है। यह जन मानस के स्वास्थ्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

### भोपाल में 350, ग्वालियर 302 और इंदौर-जबलपुर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 310 के पार पहुंचा



### रविवार सुबह 10 बजे किस शहर में कितना प्रदूषण

**भोपाल शहर की स्थिति**

| क्षेत्र | एयर क्वालिटी इंडेक्स |
|---|---|
| कलेक्टर कार्यालय | 349 |
| पर्यावरण परिसर | 350 |
| टीटी नगर | 322 |

**ग्वालियर शहर की स्थिति**

| क्षेत्र | एयर क्वालिटी इंडेक्स |
|---|---|
| फूल बाग | 301 |
| ग्वालियर सिटी | 265 |
| महराज बाड़ा | 301 |

**इंदौर शहर की स्थिति**

| क्षेत्र | एयर क्वालिटी इंडेक्स |
|---|---|
| छोटी ग्वालटोली | 310 |
| मगुदा नगर | 290 |
| विजय नगर | 311 |
| पीथमपुर | 257 |

**जबलपुर शहर की स्थिति**

| क्षेत्र | एयर क्वालिटी इंडेक्स |
|---|---|
| जबलपुर | 309 |

### चारों बड़े शहरों में प्रदूषण की मुख्य वजह पीएम 2.5 कण

*राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मॉनीटरिंग शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक इन प्रमुख शहरों में प्रदूषण की मुख्य वजह पार्टिकुलेट मेटर, जिसे पीएम 2.5 कहते है वही मुख्य वजह बताया गया है। ये धूल के सूक्ष्म कण होते हैं जो नग्न आंखों से दिखाई नहीं देते, लेकिन हवा के सेहत को गंभीर रूप से बीमार कर देते हैं।*

### चारों शहरों में पीएम 2.5 के कणों की अधिकता की ये है वजह

- सड़कों के खराब होने के कारण उस पर से धूल उड़ती है, इसमें कई तरह के आकार के कण होते हैं। जिनमें पीएम 2.5 के कण भी होते हैं। ये आसानी से वातावरण में लंबे समय तक नमी पाकर बने रहते हैं। यदि सड़कों को ठीक कर लिया जाए तो ये काफी हद तक नियंत्रित हो सकते हैं।
- वाहनों के चलने से जो धुआं वातावरण में रिलीज होता है, उसमें भी ये कण मौजूद होते हैं जो बहुत ही खतरनाक होते हैं।
- विभिन्न तरह की हानिकारक गैसों के मिश्रण से भी ये कण पैदा होते हैं।

### संग्रहालय और स्मारकों में दर्शकों को आज निःशुल्क प्रवेश

**भोपाल।** भोपाल में संग्रहालय और स्मारकों को देखने के लिए आज कोई शुल्क नहीं देना होगा। हर साल की तरह इस बार भी विश्व धरोहर सप्ताह 19 नवंबर से 25 नवंबर तक मनाया जाएगा। मप्र राज्य के पुरातत्व विभाग के अधीन संग्रहालय और स्मारकों में दर्शकों का 19 नवबंर को प्रवेश निःशुल्क रहेगा। विश्व विरासत सप्ताह संस्कृति और विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। देश के अन्य प्रदेशों के साथ मध्य प्रदेश में भी सप्ताह मनाया जाएगा।

### विश्व धरोहर सप्ताह 19 नवंबर से 25 नवंबर तक मनाया जाएगा

**1972 में विश्व विरासत सम्मेलन को अपनाया** : यूनेस्को के सदस्य राज्यों ने 1972 में विश्व विरासत सम्मेलन को अपनाया। तब से ही यह आयोजन किया जा रहा है। मप्र अपनी धरोहर के मामले में समृद्ध है। पुरातत्व विभाग के अधीन स्मारकों व स्थलों पर सप्ताह के दौरान चित्र प्रतियोगिता, कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित स्थानों पर यह कार्यक्रम सप्ताह अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे।

### सेतु पर दीपोत्सव



कलचुरि कलार समाज के अराध्य देव भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर कलचुरी सेना एवं जनसेवा समिति द्वारा भव्य दीपोत्सव कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल गेट के सामने भगवान सहस्त्रबाहु सेतु( ब्रिज) पर दीपोत्सव एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

### युवा मतदाताओं का स्वागत हुआ।

**भोपाल।** जय हिंद सेना मध्यप्रदेश के सदस्यों ने आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल टीटी नगर दक्षिण पश्चिम विधानसभा में प्रथम बार मतदान करने आए युवाओं का फूलों की माला पहनकर पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया मतदान महापर्व में मतदान करने के लिए युवाओं का आभार भी व्यक्त किया गया। सम्मान करने वालों में अरुण पांडे, वीर बहादुर राणा, आदित्य मिश्रा, पियूष रायकवार, प्रवीण वर्मा, कुणाल प्रजापति सुभाष गोयल आदि उपस्थित रहे।

## छठ पूजा की तैयारियां, विसर्जन घाट का जायजा लिया भोजपुरी समाज ने



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार को भोजपुरी समाज के लोगों ने बैरागढ़ विसर्जन घाट का निरीक्षण किया, जिसमें भोजपुरी संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा, प्रेम नारायण नगर, भानु वर्मा, राकेश कुमार, अनिल मिश्रा सहित कई लोग ने व्यवस्थाओं को देखा।

भोजपुरी समाज 19 नवंबर को घाट पर एकत्रित होकर छठ महापर्व मनाएगा। छठ महापर्व कार्तिक माह की सष्टि तिथि को शुक्ल पक्ष में आता है पूर्वांचल बिहार झारखंड पूर्वी उत्तर प्रदेश की महिलाएं निर्जला व्रत रहती हैं इसमें सुख समृद्धि की मनोकामना लेकर भारी उत्साह के साथ पूरे परिवार के लोग छठ पर्व मनाते हैं उक्त कार्यक्रम उक्त कार्यक्रम भोजपुरी साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में तत्वाधान में आयोजित किया जाता है।

संस्था के लोगों द्वारा पूजा स्थल का निरीक्षण करने पर निगम द्वारा लापरवाही पर नाराजगी जताई। संस्था के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने बताया कि आचार संहिता के चलते अनुमति के कार्यवाही पूरी कर ली गई है परंतु निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसको सुधारण करने हेतु आयुक्त नगर निगम को पत्र दिया है ताकि तत्काल पूजा स्थल की साफ सफाई व्यवस्था हो सकेद्य

**मेट्रो एंकर**

### नूरी ग्रंथ पाठ करने से मन को मिलती है शांति-गेहानी

# दादा टी.एल. वासवानी के जन्मदिवस पर नूरी ग्रंथ पाठ साहिब

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में दादा टी.एल. वासवानी के जन्म दिन पर ग्रंथ नूरी ग्रंथ पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ। दादा वासवानी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि संतों के जीवन से हमें सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए, संतों का सानिध्य हमारे जीवन में बदलाव लाने का कार्य करता है, दादा वासवानी भी ऐसे ही महान संत थे, उन्होंने हमें सिमरन, समर्पण व सेवा का मार्ग दिखाया। नूरी ग्रंथ पाठ का उद्देश्य नूरी जैसे विनम्र व निर्मल बनो यह ग्रंथ हमें निर्मल जीवन जीने का पाठ सिखाता है। साथ ही नूरी ग्रंथ पाठ साहिब के वचनों का पालन करें दादा वासवानी के विचारों को अपनाएं एवं सभी के साथ अच्छा व्यवहार करें।



इस अवसर पर अहमदाबाद की दीदी यशोदा, पूजा ज्ञानचंदानी, राजकुमारी चोटरानी, दीपा आहूजा ने पूरी पाठ साहिब का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी ने कहा कि दादा वासवानी बचपन से ही धार्मिक विचारों व कुशाग्र बुद्धि के ज्ञाता थे, वह गीता, सुखमनी का निरंतर पाठ करते थे। दादा वासवानी का जन्म दिवस 25 नवम्बर को निरामिष दिवस के रुप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर डॉ. राजकुमारी चोटरानी ने कहा कि नूरी ग्रंथ दादा वासवानीजी की अमृतवाणी है, यह उनके मुख से निकली हुई ऐसी वाणी है जिसे सुनकर हमें ऐसा लगता है जैसे दादा टी.एल वासवानी साक्षात रुप से हमारे बीच विद्यमान है, दादा त्याग की मूरत हैं उनके मन में पशु-पक्षियों के लिए अपार स्नेह है। दादा वासवानी ने हमें जो जीव दया का पाठ पढ़ाया है, उनका एक-एक शब्द हमें प्रेरणा देता है उनके जीवन से हमें भी प्रेरणा लेनी चाहिए, साथ ही नूरी ग्रंथ का पाठ प्रतिदिन पढ़ने से हमारा मन प्रसन्न व निर्मल होता है और हमारे मन को शांति मिलती है।

कार्यक्रम में संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी एवं प्रतापरॉय तेजवानी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नंद दादलानी, प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, पूजा दादलानी, मधु मेहरचंदानी, ममता शेवानी, प्रीति धनवानी आदि बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी तथा उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने आभार व्यक्त किया। आरती, अनंद साहिब, अरदास, मधुर गीत एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### मतदान के बाद अब अनुमानों के आसपास भटक रहे उम्मीदवार

# महिला वोटर्स का मिजाज व वोट पढ़ने की कोशिश में सियासी दल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मतदान को समाप्त हुए चालीस घंटे हो चुके हैं,अभी तक चुनाव आयोग सभी 230 सीटों पर हुए मतदान के आंकडों को अंतिम रूप देने में जुटा है। लेकिन अब तक जो आंकडे आए हैं वे राजनीतिक दलों को चौंका रहे हैं। अधिकांश जिलों में पुरूष मतदाताओं ने जमकर मतदान किया है,जबकि महिला इनसे थोड़ा पीछे रही हैं, सिर्फ 34 सीटों पर वे मतदान में पुरुषों से आगे है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि मतदान में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं हावीं रहीं या समाज के अन्य मुद्दे व समस्याएं। उधर राजगढ़ जिले ने वह कर दिखाया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। प्रदेश में सबसे अधिक मतदान सिवनी में 85.68 रहा तो दूसरे नंबर पर 85.23 के साथ बालाघाट रहा। इसके बाद पड़ोसी जिले आगर मालवा व शाजापुर का नंबर है। राजगढ़ का स्थान प्रदेश में पांचवा रहा। राजगढ़ का स्थान सर्वाधिक मतदान करने के चलते टाप 5 में है। हालांकि जिले की पांचों विधानसभा सीटें सर्वाधिक मतदान करने के चलते टाप 50 में है। रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा सीट पर 90 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि सिवनी जिले की बरघट सीट पर 88.2 प्रतिशत मतदान किया।







### प्रत्याशी डटे हैं अपने इलाकों में

मतपेटियां यानि ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा होने के बाद भी प्रत्याशी अभी अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ही डटे हैं, वे मतदान के आंकडों में अपनी जीत हार का गणित लगा रहे हैं और समर्थकों को स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिये तैनात कर रहे हैं। अगले दो तीन दिन में कुछ प्रत्याशी भोपाल आ सकते हैं,इनमें वे ही होंगे जो अभी सरकार में मंत्री हैं। कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ दिल्ली गये हैं और वे कल लौटेंगे। भोपाल में भी स्ट्रांग रूम में निगरानी का दौर चल रहा है।

### स्ट्रांग रूम में ईवीएम



विधानसभा चुनाव के लिए भोपाल में जिला जेल के स्ट्रांग रूम में शनिवार को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें रखने का काम किया गया। मगर इस काम में बाद में हंगामा भी हो गया। जिला प्रशासन द्वारा ठेका दिया गया था। ठेकेदार ने मजदूरों से काम पूरा कराकर उन्हें मजदूरी दे दी थी, लेकिन बाद में प्रशासन के अधिकारियों ने उनसे फिर से काम कराया, लेकिन मजदूरी नहीं दी। इससे मजदूर नाराज हो गए और कलेक्टर से मुलाकात के लिए अड़ गए। कलेक्टर उस वक्त जेल के भीतर स्ट्रांग रूम में व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। जैसे ही कलेक्टर बाहर निकले, मजदूरों ने उनके समक्ष गुहार लगाई। इस पर कलेक्टर ने उनसे कहा कि उन्हें पूरा मेहनताना दिया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से मजदूरों को जल्द भुगतान के निर्देश दिए। इसके बाद मजदूर शांत हुए।

### स्टार प्रचारकों के दौरे व भार्गव जैसे आत्मनिर्भर उम्मीदवार!

इस बार चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जमकर दौरे किये हैं, यहां तक कि प्रधानमंत्री मोदी ने ही मप्र में करीब चालीस सभायें की हैं। कांग्रेस के लिये राहुल प्रियंका गांधी समेत मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंचलों में प्रचार किया। लेकिन कई क्षेत्र ऐसे रहे हैं जहां बड़े नेता नही पहुंचे। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव का नाम लिया जा रहा है। रेहली से आठ बार चुनाव जीत चुके गोपाल भार्गव ऐसे नेता बताए जा रहे हैं जिनके क्षेत्र में कोई सभा नहीं हुई। वे बीते तीन चुनाव से वोट मांगने गांव गांव भी नहीं जाते,क्योंकि वे पूरे पांच वर्ष सक्रिय रहते हैं। गांव-गांव से लोग आकर उनको कहते भी है कि 'आप गांव मत आना हम लोग तो हैं।' उन्होंने इस बार भी अपने विधानसभा क्षेत्र में किसी भी बड़े नेता की सभा नहीं कराई, जबकि पार्टी के रणनीतिकार पूछते रहे। अलबत्ता भार्गव अपने क्षेत्र के बाहर खंडवा में भी सभा लेने गये।



### उधर दिग्विजय ने टेंट में बिताई रात

बुंदेलखंड में छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान से पहले युवक की हत्या के बाद शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कल खजुराहो पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस समर्थक मृतक सलमान के स्वजन के साथ देर रात तक धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों पर नामजद रिपोर्ट है, इसके बाद भी आरोपितों को पकड़ा नहीं गया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि विक्रम सिंह नातीराजा को बचाकर सलमान खुद शहीद हो गया। कांग्रेस सलमान के परिवार के साथ है और सलमान के परिवार को गोद लिया जाएगा। मीडिया के सवाल के जवाब में दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपाई इस घटना को हादसा बता रहे हैं, लेकिन यह हत्या है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को लेकर कहा कि वह हादसा बता रहे हैं, उन्हें खेद व्यक्त करना चाहिए।



# चुनाव ड्यूटी के चलते वोटिंग नहीं कर सके कर्मचारियों को मौका देने की मांग

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

चुनाव ड्यूटी के चलते ऐसे शासकीय कर्मचारी जिनमें अतिथि शिक्षक, पुलिस कर्मी एवं ऐसे कर्मचारी हैं और जिन्हें मतदान करने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें मौका देने की मांग कांग्रेस ने की है। पार्टी ने कहा है कि जिन कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया गया था, उनके मताधिकार के उपयोग करने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई और ऐसे कर्मचारियों को जहां मतदान करना था वहां से अन्यत्र चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया गया। हजारों की संख्या में ऐसे कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है कि उन्हें पोस्टल वोट उपलब्ध ही नहीं कराए गए है और वे अपने मताधिकार से वंचित रह गये हैं। कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा ने कहा कि मतदान के पूर्व से ही मप्र कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग को पत्र प्रेषित कर उक्त संबंध में मांग की जाती रही है।इस संबध में वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर मतदान से वंचित कर्मचारियों को पोस्टल वोट जारी कर मतदान के अवसर प्रदान किये जाने की मांग की है।

### ड्यूटी में दिवंगत कर्मचारियों को शाहीद दर्जा मांगा

इधर चुनाव ड्यूटी के दौरान दिवंगत कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग से शहीद का दर्जा देने के साथ ही 50 लाख की आर्थिक सहायता का अनुरोध मप्र कर्मचारी मंच ने किया है। इस बाबत आयोग को पत्र लिखा गया है। प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि चुनाव ड्यूटी में लगे दर्जनों कर्मचारियों की मृत्यु हो गई है लेकिन निर्वाचन आयोग दिवंगत हुए कर्मचारियों को न तो सम्मान दिया है और ना ही कोई आर्थिक मदद प्रदान की है। मंच ने निर्णय लिया है कि राज्य सरकार ने यदि चुनाव ड्यूटी में दिवंगत हुए कर्मचारियों कर्मचारियों को शाहिद का दर्जा एवं 50 लाख का आर्थिक अनुदान प्रधान नहीं करेगा तो मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच लोकतांत्रिक आंदोलन होगा।

# आरजीपीवी में देश की पहली सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटर लैब तैयार




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने देश की पहली सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटर लैब बनाई है। विवि प्रशासन का दावा है कि ऐसी सुविधा देश के किसी एनआईटी और एमआईटी में भी नहीं है। तीन करोड़ की लागत से तैयार इस लैब में यहां अन्य संस्थानों के विद्यार्थी भी इसका उपयोग सकते हैं। इसमें विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार पहुंचकर ऑनलाइन क्लास, प्रोजेक्ट वर्क और रिसर्च वर्क कर रहे हैं। टीईक्यूआईपी के इंचार्ज प्रोफेसर व डीन फैकल्टी डॉ. एससी चैबे ने बताया कि इस सेंटर में हार्डवेयर थ्रीडी प्रिंटर और सोलर एनर्जी आदि से प्रैक्टिकल व रिसर्च के लिए डीएफआईजी कंट्रोल पैनल, पीवी एम्यूलेटर इनवेटर की भी सुविधा है।

### लैब का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे

आरजीपीवी की लैब में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के करीब 60 कम्प्यूटर सिस्टम लगाए गए हैं। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जल्द ही 70 कंप्यूटर और लगाए जाएंगे। लैब का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक है, लेकिन विद्यार्थियों की सुविधा के अनुसार इसे 24 घंटे के लिए भी खोला जा सकता है। यहां तक कि शनिवार-रविवार या अन्य छुट्टी वाले दिन भी विद्यार्थी इस का उपयोग कर सकते हैं। चुनाव के बाद इसका विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। लैब में ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर हैं। इनमें मैट्रिक्स लैबोरेटरी (मेटलैब), लैबोरेटरी वर्चुअल इंस्ट्रूमेंट ग्राफिकल यूजर इंटरफेस इंजीनयिरंग सॉफ्टवेयर, वीएलएसआई डिजाइन टूल्स केडेंस पीजी बंडल, केटिया सॉफ्टवेयर आदि उपलब्ध हैं।

मेट्रो एंकर

### लोक शिक्षण संचालनालय तैयार करके भेजेगा पेपर, जुड़ेंगे 5 प्रतिशत अंक

# अब बोर्ड की तर्ज पर 9से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 6 दिसंबर से बोर्ड की तर्ज पर 9वीं से 12वीं कक्षा तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा तैयार कराए जाएंगे। इसके लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।**

परीक्षा में नवंबर माह तक पढ़ाया गया पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न आएंगे। इस 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों के इस परीक्षा के 5 प्रतिशत अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाएंगे। उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। डीपीआई ने इस संबंध में विस्तृत आदेश जिला शिक्षा अधिकारी और स्कूल के प्राचार्यों को भेज दिए हैं।



### यह रहेगा समय

9वीं और 10वीं की परीक्षा 6 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। इसी तरह 11वीं और 12वीं की परीक्षा 6 दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगी। इन्हीं तारीखों के बीच प्राचार्य अपनी सुविधानुसार प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करा सकेंगे।


### डीटीई बढ़ा सकता है 138 इंजीनियर, मेडिकल व बीएड कॉलेजों की फीस

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) ने फीस रिव्यू के लिए अपील करने वाले 138 इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं बीएड कॉलेजों की सुनवाई शुरू कर दी है।दो माह में एक दर्जन मामलों की सुनवाई हो चुकी है। संभवतः विभाग इनकी फीस बढ़ा सकता है। एएफआरसी द्वारा तय फीस से असंतुष्ट कॉलेजों के अपील मामलों पर अब तकनीकी शिक्षा विभाग ने सुनवाई शुरू की है। ज्ञात हो कि शासन ने एएफआरसी के अपीलीय प्राधिकारी की कुर्सी पर ढाई साल बाद उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष जस्टिस शांतनु एस केमकर को प्रभारी नियुक्ति किया गया है। अब शेष सवा सौ प्रकरणों की सुनवाई जस्टिस केमकर करेंगे। उन्होंने फीस कमेटी में अपनी आमद दर्ज करा दी है। इस ढाई साल के अंतराल में फीस कमेटी उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और आयुष विभाग के हजारों कालेजों की फीस निर्धारित कर चुकी है। इसमें करीब 138 कॉलेज फीस कमेटी द्वारा निर्धारित की गई फीस से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए उन्होंने अपीलीय प्राधिकारी कार्यालय में फीस को रिव्यू कराने का प्रपोजल और एप्लीकेशन भेजी थीं।

**दो माह में एक दर्जन मामलों की सुनवाई हो चुकी है**





# रोहित शर्मा: 275 रुपये स्कूल फीस माफ होने से वर्ल्ड कप फाइनल तक

■ **नितिन श्रीवास्तव**

रविवार यानि आज अहमदाबाद में हो रहे एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2023 के फ़ाइनल तक भारतीय टीम के सफ़र में कप्तान रोहित शर्मा की भूमिका अहम रही है लेकिन इस नई भूमिका के पहले बात उस दौर की, जब रोहित शर्मा के क्रिकेट खेलने के भविष्य पर सवालिया निशान इसलिए लग गया था क्योंकि पैसों की तंगी की वजह से उनके करियर में रुकावट आ सकती थी। बात 1999 की है जिस साल भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड में मोहम्मद अज़हरुद्दीन की कप्तानी में वर्ल्ड कप खेल रही थी। इधर मुंबई के एक उपनगर, बोरिवली, में 12 साल के रोहित शर्मा के लिए उनके पिता और परिवारजनों ने पैसे इकट्ठे कर के एक क्रिकेट कैंप में भेजा था। एक ट्रांसपोर्ट फ़र्म वेयरहाउस में काम करने वाले उनके पिता की आमदनी कम थी तो रोहित उन दिनों अपने दादा और चाचा रवि शर्मा के घर पर ही रहते थे, वो भी ख़ासी तंगी में। लेकिन एक मैच और एक स्कूल ने उनके क्रिकेट करियर की दिशा बदल दी। उसी साल रोहित शर्मा बोरिवली के स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के ख़िलाफ़ एक मैच खेल रहे थे जब उस स्कूल के कोच रमेश लाड ने उनके खेल को देख कर स्कूल के मालिक योगेश पटेल से उन्हें स्कॉलरशिप देने की सिफ़ारिश की। अब 54 साल के हो चुके योगेश पटेल के मुताबिक़, ÷हमारे कोच ने कहा इस लड़के में क्रिकेट का बड़ा हुनर है लेकिन इसका परिवार हमारे स्कूल की 275 रुपए महीना फ़ीस नहीं भर सकता इसलिए इसे स्कॉलरशिप दे दीजिए।÷ वो कहते हैं, ÷मुझे ख़ुशी है कि हमने वो फ़ैसला लिया और आज रोहित भारतीय कप्तान है. हमारे कोच की राय सही थी.÷







इस फ़ैसले के सालों बाद खुद रोहित शर्मा ने ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो.कॉम को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, ÷कोच चाहते थे कि मैं विवेकानंद स्कूल में भर्ती होकर क्रिकेट खेलना शुरू कर दूँ लेकिन मेरे पास पैसे नहीं थे. फिर उन्होंने मुझे स्कॉलरशिप दिलवा दी और चार साल तक मुझे फ़्री में पढ़ाई और खेलने का मौक़ा मिल गया। ÷ इस नए स्कूल में भर्ती होने के कुछ ही महीने के भीतर रोहित शर्मा ने 140 रनों की एक नाबाद पारी खेली थी जिसकी मुंबई के स्कूलों, मैदानों और क्रिकेट समीक्षकों में ख़ासी चर्चा हुई थी।

मुंबई के शिवाजी पार्क पर क्रिकेट सीखते हुए सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली से लेकर प्रवीण आमरे तक बड़े हुए हैं। इसी मैदान पर आज भी दर्जनों नेट्स चलते हैं जिसमें से एक अशोक शिवलकर का है जो उसी दौर में यहां बतौर खिलाड़ी खेला करते थे। अशोक शिवलकर कहते हैं, ÷मुझे याद है रोहित शर्मा पहले अपने स्कूल की तरफ़ से ऑफ़ स्पिन गेंदबाज़ी करते थे. फिर उनके कोच ने उनकी बल्लेबाज़ी की प्रतिभा को पहचाना। इसके बाद रोहित ने मुंबई की मशहूर कांगा लीग क्रिकेट से लेकर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के टूर्नामेंट में अपने झंडे गाड़ने शुरू कर दिए थे। विवेकानंद स्कूल के मालिक योगेश पटेल आज अपने उस फ़ैसले पर खुश होते हुए बताते हैं, ÷रोहित ने कोविड-19 के दौरान मुझे कॉल किया, हालचाल जानने के लिए. मैंने कहा बस लोगों की मदद करते रहो। उसे देख कर बेहद ख़ुशी होती है।

## नया रोल

*ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले इस फ़ाइनल के पहले रोहित टूर्नामेंट में न सिर्फ़ अपनी सटीक कप्तानी बल्कि अपनी धाकड़ बल्लेबाज़ी की छाप छोड़ चुके हैं. 2019 वर्ल्ड कप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले रोहित ने इस टूर्नामेंट में नई स्ट्रैटजी से खेलते हुए, बिना बड़े स्कोर की परवाह किए, पहले पॉवरप्ले में ही गेंदबाज़ों को अटैक किया है। इससे न सिर्फ़ शुभमन गिल को विकट पर सध जाने का मौक़ा मिला है बल्कि मध्यक्रम में कोहली, अय्यर और राहुल को भी पारी जमाने का पूरा मौक़ा मिला है। इस वर्ल्ड कप के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ वे शून्य पर आउट हुए लेकिन उसके बाद रोहित शर्मा के स्कोर एक दूसरी ही कहानी बयान कर रहे हैं। 131, 86, 48, 46, 87, 4, 40, 61 और 47 रनों की पारियाँ जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 124.15 रहा है वाक़ई में क़ाबिले तारीफ़ है जिसने न सिर्फ़ भारत को अच्छी शुरुआत दी है बल्कि बड़े टार्गेट चेस करने में आसानी भी ला दी है। सिर्फ़ एक कसर बची है रोहित के लिए टूर्नामेंट में बतौर कप्तान ये ख़िताब जीतने के अलावा। टूर्नामेंट का आख़िरी मैच उसी ऑस्ट्रेलिया से है जिसके ख़िलाफ़ पहले मैच में वे खाता नहीं खोल सके थे। अब फ़ाइनल में बड़ा स्कोर बनाकर पहले मैच की बात भुलाने से अच्छा क्या तरीक़ा हो सकता है!*

### अन्तर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस-19 नवम्बर, 2023 पर विशेष

# क्या पुरुष भी घरेलू हिंसा के शिकार हैं?

■ **ललित गर्ग**

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस माता-पिता के अलगाव, पत्नी की उपेक्षा, दुर्व्यवहार, बेघर होना, रोजगार, आत्महत्या और हिंसा सहित पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले कई मुद्दों के लिए एक वैश्विक जागरूकता दिवस है, जो हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लड़कों और पुरुषों के जीवन, उनकी उपलब्धियों और परिवार एवं समाज निर्माण में विशेष रूप से राष्ट्र, संघ, समाज, समुदाय, परिवार, विवाह और बच्चों की देखभाल में उनके योगदान के लिए जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर है। यह दिवस महज एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि ऐसा आयोजन है, जो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चों पर पुरुषों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके संघर्षों को आम समाज तक पहुंचाना आवश्यक है। इस दिन का उद्देश्य पुरुषों के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके आलोक में, 'शून्य पुरुष आत्महत्या' 2023 की थीम है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरुआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज 80 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया जा रहा है। एक अन्य जानकारी के अनुसार पहली बार 7 फरवरी 1992 को थॉमस ओस्टर द्वारा पुरुष दिवस मनाने की बात भी कही जाती है, लेकिन यह पुरुष दिवस केवल माल्टा में मनाया गया था

दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है। चीन को छोड़कर हर देश में पुरुषों में आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में अधिक है।

पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष



जीवन-निर्माता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती।

दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

# ओबराय श्रृंखला के सरदार का अवसान

■ **विवेक शुक्ला**

पृथ्वीराज सिंह ओबराय (पीआरएस) को भारत के होटल और टूरिज्म सेक्टर के शिखर पुरुष का दर्जा दिया जा सकता है। उन्हें कॉर्पोरेट संसार में बिक्की ओबराय भी कहा जाता था। उनके मंगलवार को निधन से भारत ने एक इस तरह की शख्सियत को खो दिया है जिसने देश में कई विश्वस्तर के होटल खड़े किए। उन्होंने पिछले साल ही लगभग 93 साल की उम्र में ओबराय होटल ग्रुप के चेयरमैन पद को छोड़ा था। बेशक, भारत से बाहर विश्वस्तरीय ओबराय होटलों के चलते ही भारत की इमेज उजली हुई। बिक्की ओबराय बहुत आहत हुए थे जब उनके प्रिय ट्राइडेंट होटल को मुंबई में हुए 26/11 के हमलों में तबाह कर दिया गया था। वहां पर पाकिस्तानी आतंकियों ने दर्जनों बेगुनाहों को मार डाला था। पीआरएस ओबराय दुखी थे पर वे दुनिया को संदेश देना चाहते थे कि वे और भारत राख के ढेर पर से भी उठना जानते हैं। तब उनकी सरपरस्ती में ओबराय ट्राइडेंट होटल का नए सिर से रेनोवेशन हुआ। वे कई महीनों के लिये दिल्ली से मुंबई चले गए थे। उन्होंने दिल खोलकर पैसा लगाया। यानी उन्होंने इसे राख के ढेर से फिर खड़ा किया।



वे सदैव बेहतर कर्म करते रहना चाहते थे। उनका जीवन बेदाग रहा है। उनके समूह पर कभी किसी तरह का आरोप नहीं लगा। उन पर कभी किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान से धन लेने के बाद उसे वापस न करने का आरोप नहीं लगाया। बिक्की ओबराय भविष्य द्रष्टा थे। उन्हें ईश्वर ने यह शक्ति दी थी कि वे जान लें किस शहर या देश में इनवेस्ट करने से लाभ होगा। उन्होंने गुरुग्राम में अपना होटल खोला। उसमें तगड़ा इनवेस्टमेंट किया। तब कुछ लोग दबी जुबान से कह रहे थे कि उनकी गुरुग्राम की इनवेस्टमेंट का लाभ नहीं होगा। पर वे सब गलत साबित हुए। पिछले 15 सालों में गुरुग्राम बदल गया है। अब यह शहर आईटी हब बन गया है। यहां हजारों विदेशी रहते हैं और आते जाते हैं। इनका गुरुग्राम का होटल धड़ल्ले से चल रहा है। दरअसल शिखर पर बैठे शख्स से यही उम्मीद रहती है कि वह भविष्य की संभावनाओं को जान ले। यकीन मानिए कि आर्थिक उदारीकरण से पहले भारत के टाटा, गोदरेज, महिन्द्रा तथा ओबराय जैसे ब्रांड ही देश से बाहर जाने जाते थे। तब तक आईटी क्रांति और आईटी कंपनियों को आना था। भारत आने वाले विदेशी व्यापारी और पर्यटक मुंबई के ओबराय ट्राइडेंट तथा दिल्ली के ओबराय इंटरकांटिनेंटल पर जान निसार करते हैं। इन दोनों को बिक्की ओबराय ने अपने हाथों से बनाया था। इसकी योजना बनाने से लेकर इसे शुरू करने तक वे इससे जुड़े रहे थे। वे सारे फैसले खुद लेकर अपने पिता सरदार मोहन सिंह ओबराय को बता भर देते थे। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने पिता को इस बात के लिये तैयार किया था कि वे दिल्ली में भी एक होटल और खोलें। हालांकि तब तक ओबराय ग्रुप का ओबराय मेडिंस होटल चल रहा था। यह 1960 के दशक के शुरू की बातें हैं। तब दिल्ली में लक्जरी होटल के नाम पर अशोक होटल तथा इंपीरियल होटल ही कायदे के होटल थे। ओबराय पिता-पुत्र ने अपने दिल्ली के होटल के लिए जमीन ली डॉ. जाकिर हुसैन रोड पर। यह जगह दिल्ली ग़ोल्फ क्लब से सटी है। बिक्की ओबराय ने इसके डिजाइन का काम सौंपा पीलू मोदी को। हालांकि उनके पास देश-दुनिया के तमाम आर्किटेक्ट अपने डिजाइन लेकर आए थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बाल सखा और टाटा अध्यक्ष रूसी मोदी के बड़े भाई पीलू मोदी सियासी शख्सियत होने के साथ-साथ प्रयोगधर्मी आर्किटेक्ट भी थे। उन्होंने इसका शानदार डिजाइन बनाया। यह 1965 में शुरू हुआ।

भारत में लक्जरी होटल की जब भी बात होती है, तो ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। पीआरएस ओबराय विश्व नागरिक होने के बाबजूद दिल से हिन्दुस्तानी थे। उनकी इस सोच के चलते सभी ओबराय होटलों में आने वाले गेस्ट का होटल स्टाफ नमस्कार करके ही स्वागत करते हैं। वे मानते थे कि नमस्कार ही भारत की पहचान है। जब कोई ओबराय होटल में आए तो उसे पता चले कि इस होटल का संबंध भारत से है। बिक्की ओबराय जानते थे कि अपने ब्रांड को कैसे बाजार में सम्मान दिलवाया जाता है। वे होटल इंडस्ट्री के भीष्म पितामह थे। वे 1988 में ओबराय होटल के चेयरमेन बने थे। उनसे पहले उनके पिता सरदार मोहन सिंह ने ही ओबराय होटल ग्रुप की कमान संभाल रखी थी। उल्लेखनीय है कि मोहन सिंह ने सबसे पहले शिमला में ओबराय होटल की शुरुआत की थी। वे अपने पिता के जीवनकाल में ही अपने ग्रुप के लिए अहम फैसले लेने लगे थे। बिक्की ओबराय बड़े ही आस्थावान सिख थे। वे राजधानी के गुरुद्वारा बंगला साहब में नियमित रूप से पहुंचते थे। वहां शबद कीर्तन सुनते। उन्हें अपने होटलों के बलिष्ठ भुजाओं वाले सुरक्षा कर्मियों से पंजाबी में बतियाना भी पसंद था।

# सीताराम मंदिर में अन्नकूट का हुआ आयोजन



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

सीताराम मंदिर मे अन्नकूट का आयोजन रखा गया मंदिर को फूल मालाओं एवं लाइटिंग से सजाया गया ढोल एवं आतिशबाजी कर गोवर्धन की पूजा की गई तत्पश्चात भगवान श्री राम की आरती की गई। महिलाओं द्वारा मंदिर में भजन कीर्तन किए गए मंदिर में भगवान की प्रसादी में छप्पन भोग लगाए गए आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी श्रद्धालुओं को सहभोज कराया गया श्रद्धालुओं में पी डी सारडा विनीत राठी नरेंद्र सारडा ओम प्रकाश सारडा श्याम सुंदर सारडा धर्मेंद्र सारडा संपत सारडा हरी खडलोया संदीप महेश्वरी प्रदीप टावरी दीपक राठी सचिन कचोलिया प्रकाश साबू नंदकिशोर व्यास शेखर पुरोहित नरेंद्र मोड नितिन मोड कृष्णकांत कात्यानी वरुण जाट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 410682 पुरुष और 368911 महिला तथा 27 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का किया उपयोग

# नर्मदापुरम की चारों विधानसभाओं में 779620 मतदाताओं ने किया मतदान

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन के तहत जिलेभर में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। चारो विधानसभा में मतदाताओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया गया। मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग करने महिलाओं, वरिष्ठजनों तथा युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया। जिले की चारों विधानसभा में कुल 779620 मतदाताओं ने मतदान किया। इस दौरान 410682 पुरुष मतदाओं और 368911 महिला मतदाताओं सहित 27 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

जिले की सिवनीमालवा विधानसभा में कुल 206438 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 108635 पुरुष तथा 97796 महिला मतदाता एवं 7 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। होशंगाबाद विधानसभा में 168697 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 87340 पुरुषों और 81346 महिला मतदाताओं तथा 11 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। सोहागपुर विधानसभा में 210070 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 111966 पुरुषों और 98099 महिला तथा 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। पिपरिया विधानसभा में 194415 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 102741 पुरुषों और 91670 महिला मतदाताओं तथा 4 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।



### मतदान समाप्ति के पश्चात लौटे मतदान दल, जमा की चुनाव सामग्री

नर्मदापुरम.विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारों विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों का सतत आना जारी है। मतदान दलों से शासकीय आईटीआई कॉलेज नर्मदापुरम में मतदान सामग्री जमा कराई जा रही है। सभी मतदान दलों से मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही मतदान सामग्री का चेक लिस्ट के अनुसार मिलान कर जमा कराई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान सामग्री जमा कराने की कार्यवाही देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन, 7 से 30 तक प्रतिबंधित रहेगा

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6ः30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# कलेक्टर ने निर्वाचन सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने विधानसभा निर्वाचन - 2023 के मतदान सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी अधिकारियों - कर्मचारियों, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधियों तथा समस्त नागरिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन अमले ने अपने दायित्व का पूरी गंभीरता पूर्वक निर्वहन किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के निवासियों को भी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सहयोग करने तथा मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बधाई दी है।

# मतदान सम्पन्न कराकर देर रात लौटे दलों का पुष्प वर्षा के साथ हुआ स्वागत



**रायसेन ।**मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायसेन जिले में 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दलों द्वारा मतदान संपन्न कराने के पश्चात जिला मुख्यालय रायसेन में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने मतदान दलों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। देर रात तक मतदान दलों का आने का सिलसिला जारी रहा। कलेक्टर श्री दुबे के निर्देशानुसार मतदान कराकर वापस लौट रहे दलों के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अल्पाहार सहित समुचित व्यवस्थाएं की गईं थीं। मतदान दल भी की गई व्यस्थाओं से खुश नजर आए और उन्होंने व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में बनाए गए कुल 1226 मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ।

**मेट्रो एंकर**

### बासौदा विधानसभा में हुआ सर्वाधिक 81.52 प्रतिशत मतदान


# विदिशा जिले में 79.20 प्रतिशत मतदान हुआ



**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में 17 नवंबर शुक्रवार को 79.20 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिले के कुल 10 लाख 94 हजार 901 मतदाताओं में से 8 लाख 69 हजार 625 मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान दिया है। पिछले विधानसभा निर्वाचन के मुकाबले विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में वृद्ध, दिव्यांगजन से लेकर युवा वोटरों ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर भार्गव ने विधानसभा वार जानकारी देते हुए बताया कि जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के कुल 2 लाख 25 हजार 943 मतदाताओं में से 1 हजार 73 हजार 618 मतदाताओं ने मतदान किया है जो मतदान करने वाले मतदाताओं का कुल 76.84 प्रतिशत है। विदिशा विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने वाले मतदाताओं में 91 हजार 500 पुरुष मतदाता तथा 82 हजार 112 महिला मतदाता के अलावा छह अन्य मतदाता शामिल हैं ।







# आकाशदीप दान में बढ़-चढ़कर भक्तों ने लिया भाग, कथा में बरस रहा है रस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शहर के प्रसिद्ध मदन मोहन सरकार मंदिर पर बड़े उत्साह के साथ कार्तिक महोत्सव मनाया जा रहा है। आकाशदीप दान में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं कार्तिक मास की कथा में पंडित नवनीत महाराज ने ततो विष्णुःसमा- लिङ्ग्य स्वभक्तं सात्त्विकव्रतम्सारूप्यमात्मनो दत्त्वाऽनयद्वै कुण्ठमन्दिरम्।। विष्णु भगवान् साच्चिक व्रतधारी अपने भक्त विष्णुदास को छाती से लगाकर अपने साथ वैकुण्ठ धाम को ले गये । हे कमलापते ! हमको आप अपनी अचल भक्ति प्रदान कीजिए जिससे मैं आपका मन, वाणी तथा कर्म से सर्वदा भजन किया करूं ऐसा जो विष्णुदास ब्राह्मण था वह पुण्यशील और जो चोलेश्वर राजा था वह सुशील नाम वाले दोनों को विष्णु भगवान् ने अपने समान रूप वाले अपने द्वारपाल बनाये । देवाधिदेव मदनमोहन जी सरकार के सिद्ध चौतन्य दरबार में कार्तिक महोत्सव की मंगला आरती मे आज भोग पीताम्बरा भात का भोग लगाया। केसर दूध, फल, तांबूल, मगध, दही, रबड़ी, मेवे नुक्ती, सेओ का भोग लगाया गया। मंगला आरती में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### गगनेंद्र रघुवंशी रहे सक्रिय, उमाकांत शर्मा ने किया आराम, अब जीत-हार को लेकर होगी चर्चा

# बंपर वोटिंग से बिगड़े समीकरण, हार-जीत के आंकड़े लगाते रहे दोनों दलों के समर्थक

**2018 के चुनाव की अपेक्षा में इस बार 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग होने से समीकरण तो सभी के अंदाज लगाने के आंकड़े भी सफल हो सकते हैं वोटिंग प्रतिशत किसके पक्ष में गई है इसका कहना भी संभव नहीं है क्योंकि अधिकांश मतदाताओं ने साइलेंट होकर अपना मत का उपयोग किया है इसके कारण सही अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है वोटिंग बढ़ाने के कई तरह के फैक्ट भी दिए जा रहे हैं जिसमें सभी के अपने-अपने तर्क हैं**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय जनता पार्टी के समर्थन या मान रहे हैं की वोटिंग बढ़ने से उनको अधिक फायदा होगा उनके प्रत्याशी की जीत हो सकती है दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के समर्थकों का कहना है की वोटिंग बड़ने से कांग्रेस को ही विजय प्राप्त होगी जब भी वोटिंग प्रतिशत बड़ता है तब बदलाव देखने को मिलता है ऐसी चर्चाएं भी हो रही है लेकिन दिन भर इसी बात को लेकर हर जीत के यहां पर लगाते रहे थोड़ी देर में कांग्रेस प्रत्याशी को जीता दिया और थोड़ी देर के बाद ही भाजपा प्रत्याशी को जताने का काम आंखों के जरिए किया गया, लेकिन 3 दिसंबर तक इसी तरह की आंकड़े बड़ी हर दिन और देर रात तक चांदनी चौक में होती रहेगी अधिकांश चाय पान की दुकानों पर भी हार जीत को लेकर ही चर्चा हो रही है दूसरी ओर चुनाव संपन्न होने के बाद ही कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी के घर समर्थकों ने अपने-अपने आंकड़े बताते हुए जीत का दावा किया दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के समर्थक भी उनके गणेश अथाई स्थित निवास पहुँचकर पहुंचे और उन्होंने अपने आंकड़ों के माध्यम से भाजपा की जीत का दावा किया इन सब के दावों की सच्चाई तो 3 दिसंबर को ही सामने आएगी। करवाई। इस बीच दिन भर के अपने चुनावी दौरे के दौरान मतदान केंद्रों का अवलोकन एवं कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने भी निवास पहुँचने के बाद उत्साहित कार्यकर्ताओ से भेंट कर उनके अनुभवों को सुना। इस दौरान उन्होंने दिनभर के अपने अनुभवों को सुनाकर कार्यकर्ताओ से हँसी मजाक की। उन्होंने सम्पूर्ण विधानसभा में भाजपा के पक्ष में मतदान करने मतदाताओं एवं पोलिंग पर सक्रियता से काम रहे एक एक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्व. पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा क्षेत्र में की गई मेहनत और कार्यकर्ता निर्माण का खून पसीना ही है जिसने आज भी पूरी मेहनत से अपने अपने क्षेत्र में काम किया है। जानकारों से जब हमने चर्चा की तो उनका कहना था इस बार हरजीत का अलंकार नहीं किया जा सकता है दोनों प्रत्याशियों ने कड़ी मेहनत करके कांटे की टक्कर का चुनाव बनाया है कुछ जानकारी का कहना है कि जब भी वोट प्रतिशत बंपर होता है तो बदलाव की बात होती है दूसरी और कुछ जानकारी का यह भी कहना है कि वोट प्रतिशत बड़ने से भाजपा को हमेशा फायदा होता है दूसरी ओर इस बार के चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने भी ज्यादा वोटिंग की दिन में महिला वोटरों की संख्या पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा रही इनकी भीड़ सुबह से लेकर देर शाम तक मतदान केद्रो पर लगी रही मतदान प्रतिशत भी 80.39 प्रतिषत रिकॉर्ड तोड़ हुआ है।



## छोटी-बड़ी खबरें

### सुरेंद्र रघुवंशी बने कांग्रेस प्रदेश महामंत्री, समर्थकों में खुशी की लहर



सिरोंज। कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेंद्र रघुवंशी को उनके अच्छे काम को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की अनुशंसा पर प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश महामंत्री का दायित्व दिया गया है। जिसकी जानकारी लगते इनके समर्थक में हर्ष का माहौल दौड़ गया फूल माला और मिठाई खिलाकर इनका स्वागत किया जा रहा है। वही श्री रघुवंशी ने कहा कि पार्टी के लिए मैं हमेशा समर्पित प्रभाव से जो जिम्मेदारी मिलती है उसको पूरी निष्ठा के साथ निभाया है। पार्टी मुझे और बडी जिम्मेदारी दी है उसकी पूरी निष्ठा से निभाऊंगा हमेशा पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत से काम करता हूं।

### निर्वाचन अधिकारी ने जताया सबका आभार

सिरोंज। शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव संपन्न होने पर रिटर्न ऑफिसर हर्षल चौधरी ने चुनावी ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी मतदान कर्मियो मतदाताओं और सभी मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने किसी न किसी रूप में चुनाव में सहयोग दिया है। तभी तो निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न इसलिए हम सब का आभार व्यक्त करते हैं।

**मेट्रो एंकर** | पार्टी से बाहर किये जाने की मांग

# पैसे पाने की लालच से लड़ा चुनाव, हजार के भीतर वोट पाने वाले ही पार्टी का कर रहे बंटाधार

**बासौदा, दोपहर मेट्रो।**

समाजवादी पार्टी का मप्र में बंटाधार करने वाले एक नहीं अनेक लोग है और इन अनेक लोगों में वो लोग है जो अपनी विधानसभा की जमीन तैयार नहीं करते है और न पार्टी हित में जनाधार बढ़ाने का कोई कार्य करते है। चुनाव आते ही टिकिट पाने की दौड़ में लग जाते है केवल इस गरज से की पार्टी से फंड प्राप्त कर लेगें, भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों से पैसा हथिया लेंगे। उन्हें वोट कितने मिलेंगे, इससे उन्हें कोई सरोकार नहीं है। हजार के भीतर वोट पाने वाले ही पार्टी का बंटाधार करने वाले इन स्वार्थियों को पार्टी से जब तक बाहर नहीं किया जायेगा। तब तक मप्र में समाजवादी का खड़ा होना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। कई तो ऐसे भी है है कि दो दो, तीन तीन बार चुनाव लड़ चुके फिर भी हजार के भीतर वोट मिलने के बाद, वेशरम के पौधे की भांति आज भी फल फूल रहे है, उन्हें कोई शर्म ही नहीं है।

सच तो यह है कि इन स्वार्थियों को न तो पार्टी में कोई पद दिया जाना चाहिए और न इनको पार्टी की बैठक में बुलाना चाहिए। तीन दिसम्बर को जब इनका खुलासा हो, हजार के अन्दर वोट पाने वाले और जमानत जप्त होने वाले प्रत्याशियों का माननीय राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने इनकी कथनी ,करनी का खुलासा कर ,इनको पार्टी से वाहर करने की मांग करने का हजारों कार्यकर्ताओं ने मन बना लिया है। यह केवल पैसा प्राप्त करने की गरज से ऐन केन प्रकार से टिकिट हथिया कर पैसा वटोरने के अलावा वोट मिले या न मिले के अलावा कुछ नहीं है। दूसरी वात इनको हर चुनाव लड़ना है इनके कारण अच्छे प्रत्याशियों को मौका ही नहीं मिल पा रहा है। ऐसे स्वार्थियों को पार्टी से वाहर करने की मांग वरिष्ठ सपा नेता कमलसिंह रधुबंशीं, लोकपाल यादव, गंधर्व सिंह यादव, राधेश्याम पवार, भगवान सिंह यादव, सुरेन्द्र यादव, पगलवास कुरेशी, धीरजसिंह, रवियादव, फुरकान काजी, सिदांत, शोऐव कुरेशी, देव रघुबंशी, आकाश यादव, शैलेन्द्र रघुबंशी सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने ऐसे स्वार्थियों को पार्टी से वाहर करने की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मांग की है।

# बसंत पंचमी पर माली समाज ने निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** शनिवार को माली सुमन समाज जनों ने बड़े ही उत्साह के साथ बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया। हाजीपुर में स्थित माली समाज के मंदिर पर विधि विधान से पूजा अर्चना हुई शंकर पार्वती जी के यहां से माली समाज की उत्पत्ति हुई ऐसी प्राचीन मान्यता कल से चली आ रही है। इसलिए देशभर में माली समाज जनों के द्वारा इसको मनाया जाता है। इसी चलते माली समाज जनों ने शाम के समय कस्टम पथ से रथ पर शंकर जी और पार्वती जी के स्वरूप विराजमान करके चल समारोह निकाला गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए हाजीपुर स्थित माली समाज के मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुआ जहां पर माली समाज के अध्यक्ष के के माली के साथ समाज जनों ने भगवान की महआरती की इसके बाद प्रसादी के वितरण किया गया। बड़े उत्साह के साथ सभी समाज जनों ने भाग लिया। वहीं समारोह का जगह-जगह विभिन्न समाज एवं समाज सेवी संगठन के द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया इसके चलते माली समाज के सभी प्रतिष्ठा भी बंद रहे।

# वर्ल्ड कप क्लोजिंग सेरेमनी में प्रीतम-अमित मिश्रा करेंगे परफॉर्म

**अहमदाबाद, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप 2023 की क्लोजिंग सेरेमनी फाइनल मुकाबले के दिन रविवार को ही होगी। सेरेमनी के प्रोग्राम चार स्टेज में होंगे। जो प्री-मैच, पहले इनिंग के ड्रिंक्स ब्रेक में, इनिंग ब्रेक और दूसरे इनिंग के ड्रिंक्स ब्रेक में होंगे। इसमें बॉलीवुड कंपोजर-सिंगर प्रीतम, अमित मिश्रा समेत कई कलाकार परफॉर्म करेंगे। वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच 19 नवंबर को मेजबान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। वर्ल्ड कप फाइनल के दिन होने वाले सभी प्रोग्राम्स को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) अकाउंट से पोस्ट शेयर की है।

**एयरफोर्स का एयर शो:** मैच शुरू होने से पहले 15 मिनट का एयर शो होगा। यह शो भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम द्वारा किया जा रहा है। सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम अहमदाबाद के हवाई अड्डे से उड़ान भरेगी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ऊपर वर्टिकल एयर शो करेगी। साथ ही इसके अलावा लेजर शो भी होगा।

**आदित्य गाधवी भी परफॉर्म करेंगे:** मैच की पहली इनिंग के ड्रिंक्स ब्रेक में आदित्य गाधवी परफॉर्म करेंगे। आदित्य का एक गाना (खलासी) हाल में काफी मशहूर हुआ है। इसे इंस्टाग्राम रील्स में भी काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। मैच में इनिंग ब्रेक के दौरान म्यूजिक डायरेक्टर प्रीतम चक्रवर्ती म्यूजिक शो में अपने टीम को लीड करेंगे। इस दौरान जोनिता गांधी, नकाश अजीज, अमित मिश्रा, अकासा सिंह और तुषार जोशी परफॉर्म करेंगे।

**अमिताभ, रजनीकांत जैसे सेलिब्रिटी भी मौजूद रहेंगे:** अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, कमल हसन, मोहनलाल, वेंकटेश, नागार्जुन और राम चरण तेजा रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मैच देखने पहुंचेंगे। बता दें वर्ल्ड कप 2023 के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले यानी 4 अक्टूबर को दोपहर में कैप्टंस डे इवेंट हुआ था। इसमें सभी 10 टीमों के कप्तान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहुंचे थे। इस इवेंट में रवि शास्त्री और इयॉन मोर्गन ने सभी कप्तानों से उनकी वर्ल्ड कप तैयारियों को लेकर बातचीत की थी।



## जीत की जंग: भारत और ऑस्ट्रेलिया का फाइनल मुकाबला आज

# पहले बैटिंग में 300 से ज्यादा रन बनाने वाली टीम को फायदा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने क्रिकेट के सबसे बड़े फाइनल में जगह बना ली है। वनडे वर्ल्ड कप का ये मुकाबला आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 1 लाख 32 हजार की दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट का फाइनल होगा। स्टेडियम की पिच पर वर्ल्ड कप 2023 में 4 मैच हुए। 3 बार चेज करने वाली और महज एक बार पहले बैटिंग करने वाली टीम को जीत मिली। पहले बैटिंग में 300 से ज्यादा रन बनाने वाली टीम को फायदा होगा।



### अहमदाबाद में भारत ने 58%, ऑस्ट्रेलिया ने 67% मैच जीते

अहमदाबाद में भारत ने 19 और ऑस्ट्रेलिया ने 6 वनडे खेले हैं। भारत को यहां 11 में जीत और 8 में हार मिली। जबकि ऑस्ट्रेलिया को यहां 4 में जीत और महज 2 में हार का सामना करना पड़ा। यानी टीम इंडिया ने 58 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया ने 67 फीसदी मैच जीते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2011 में वनडे वर्ल्ड कप का क्वार्टर फाइनल भी इसी मैदान पर खेला गया। तब भारत को 5 विकेट से जीत मिली था। 2023 के वर्ल्ड कप में भारत ने अहमदाबाद में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 33 रन से करीबी जीत दर्ज की। दोनों टीमें टूर्नामेंट में दूसरी बार मैच खेलेंगी। पिच क्यूरेटर का बयान और वर्ल्ड कप मैचों के आंकड़े मेल नहीं खा रहे। ऐसे में जानते हैं कि वर्ल्ड कप 2011 के बाद से इस मैदान पर पिच का बिहेवियर कैसा रहा। दोनों टीमों का प्रदर्शन और टॉप प्लेयर्स कौन रहे। अहमदाबाद में पिछले 10 सालों में 9 वनडे खेले गए। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 246 और दूसरी पारी का औसत स्कोर 226 रन है।

### ओस नहीं आई तो पहले बैटिंग करना होगा फायदेमंद

आखिरी 2 मैचों को ट्रेंड देखें तो पहले बैटिंग करने वाली टीमों को फायदा पहुंचा और रन चेज के दौरान ओस भी नहीं आई। वर्ल्ड कप के दोनों सेमीफाइनल में भी रन चेज के वक्त ओस नहीं आई। जिस कारण भारत ने मुंबई में पहले बैटिंग करते हुए 70 रन से मैच जीत लिया। वहीं साउथ अफ्रीका ने 213 रन के टारगेट में ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिया। ओस का अगर यही ट्रेंड रहा तो फाइनल में पहले बैटिंग करने वाली टीम को ही फायदा पहुंचेगा। टीम ने अगर पहली पारी में 300 रन बना लिए तो धीमी पिच के कारण रन चेज करने वाली टीम को बहुत परेशानी आएगी। अगर पिच क्यूरेटर की बात मानें तो स्लो पिच पर पहली पारी मे 300 रन बना लेना ही जीत की गारंटी रहेगी। 275 से 299 तक का स्कोर फाइटिंग टोटल होगा, 250 से 274 तक के स्कोर में दोनों टीमों के पास 50-50 परसेंट जीत का चांस रहेगा। वहीं 250 से कम के टारगेट में रन चेज करने वाली टीम को फायदा पहुंचने के बहुत ज्यादा चांस है।

### रोहित शर्मा बोले- हमारे सभी खिलाड़ी फॉर्म में

वनडे का सुल्तान कौन है, इसका फैसला आज ऑस्ट्रेलिया और इंडिया के फाइनल मैच में हो जाएगा। फैंस पूजापाठ कर रहे है, हवन कर रहे हैं, तिरंगा फहरा रहे हैं। फाइनल के लिए टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया ने भी तैयारी कर ली है। इंडियन कैप्टन रोहित शर्मा से जब खिताबी मुकाबले के बारे में सवाल किया गया तो वो बोले सब अच्छा होगा। हमारे सभी खिलाड़ी फॉर्म में हैं। रोहित ने फाइनल में अपने रोल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा- जहां टीम को जरूरत होगी, वो मौजूद रहेंगे। शांत रहकर सही फैसला करेंगे। रोहित ने कहा कि आज जहां टीम इंडिया पहुंची है, वो 2 साल की मेहनत का नतीजा है। इंडियन कैप्टन ने फाइनल को लेकर अपना प्लान भी शेयर किया। उन्होंने कहा- हम सिर्फ फाइनल मैच के बारे में सोचेंगे। ये देखेंगे कि सामने कौन सी टीम है।

### अहमदाबाद में कोहली का औसत महज 24 का

अहमदाबाद स्टेडियम में सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले टॉप-5 खिलाड़ियों में 2 आज का फाइनल भी खेलेंगे। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने यहां 6 ही मैचों मे 307 रन बनाए हैं। 51.16 की औसत से उन्होंने 3 फिफ्टी लगाई हैं। जबकि 5वें नंबर पर काबिज विराट कोहली 8 मैचों में 192 रन ही बना सके हैं। वह इस मैदान पर एक भी वनडे शतक नहीं लगा सके, उनका औसत भी महज 24 का ही है।

### सिराज 7 और प्रसिद्ध कृष्णा 9 विकेट ले चुके

5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और 2 बार की विजेता भारत के बीच आज फाइनल मुकाबला होगा। टॉप-5 विकेट टेकर में 2 गेंदबाज इस समय टीम इंडिया के स्क्वॉड का हिस्सा हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने यहां 4 वनडे में 7 विकेट झटके हैं, उनकी इकोनॉमी भी महज 4.20 की ही रही। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने बाबर आजम और अब्दुल्लाह शफीक के अहम विकेट लिए थे। उनके अलावा हार्दिक पंड्या के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल हुए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इस मैदान पर 3 ही मैचों में 9 विकेट लिए हैं।




**मेट्रो एंकर**

## चार लाख लोगों पर हुई स्टडी, दौड़ना ज्यादा फायदेमंद

# रेग्युलर 5 मिनट की दौड़ से लोगों का जीवन काल 15 मिनट की सैर करने के बराबर बढ़ जाता है...

**न्यूयार्क, एजेंसी**

उम्र बढ़ाने के लिए चलने की तुलना में दौड़ना ज्यादा फायदेमंद है। साल 2011 में ताइवान के शोधकर्ताओं ने 4 लाख से ज्यादा लोगों के जोरदार व्यायाम और मध्यम व्यायाम (जैसे तेज चलना) पर अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि नियमित रूप से पांच मिनट की दौड़ लगाने से लोगों का जीवन काल 15 मिनट की सैर करने के बराबर बढ़ जाता है। अध्ययन से ये भी पता चला कि नियमित 25 मिनट की दौड़ लगाने और 105 मिनट की सैर करने से अगले आठ सालों के दौरान मृत्यु का जोखिम लगभग 35 फीसदी कम हो जाता है।


आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में शारीरिक गतिविधि विज्ञान के प्रोफेसर डक-चुल ली और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए एक अन्य अध्ययन से पता चला कि नियमित तौर से 9 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे धीमी गति से जॉगिंग करने वाले पैदल चलने वालों और गतिहीन लोगों की तुलना में 30 फीसदी ज्यादा फिट थे। अगले 15 सालों में इनमें मौत का जोखिम भी 30 फीसदी कम था।



### तेज चलने से लाभ, क्योंकि सांस लेने की दर बढ़ जाती है

थोड़ी बहुत गतिविधियों करना पूरी तरह से गतिहीन रहने की तुलना में ऑक्सीजन की मात्रा को सुधार सकता है। हालांकि, बड़ा लाभ तब मिलता है जब आप तेजी से चलना शुरू करते हैं। इससे आपकी हृदय और सांस लेने की दर बढ़ जाती है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**



## डायरेक्टर फराह खान बोली-

# शाहरुख ने रिजेक्ट कर दिया था 'हैप्पी न्यू ईयर' का पहला वर्जन

इस साल 'पठान' और 'जवान' जैसी सक्सेसफुल फिल्में दे चुके शाहरुख खान की अगली फिल्म 'डंकी' क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को राजकुमार हिरानी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म का पहला टीजर रिलीज हो चुका है। इसकी कहानी कुछ ऐसे लोगों के इर्द-गिर्द बुनी गई है जो स जाना चाहते हैं। अब एक इंटरव्यू में फराह खान ने बताया कि उन्होंने कुछ साल पहले शाहरुख को ऐसी ही एक स्क्रिप्ट ऑफर की थी। हालांकि, शााहरुख ने इसे यह कहकर रिजेक्ट कर दिया था कि वो इस रोल में फिट नहीं बैठेंगे क्योंकि वो यंग नहीं हैं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया को दिए एक इंटरव्यू में फराह ने यह किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा, 'मैंने जब डंकी का प्रोमो देखा तो मैं चौंक गई। इसकी कहानी मेरी फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' के पहले वर्जन जैसी ही है, जिसे शाहरुख ने रिजेक्ट कर दिया था।' फराह के निर्देशन में शाहरुख ने तीन फिल्मों मैं हूं ना, ओम शांति ओम और हैप्पी न्यू ईयर में काम किया है। ये तीनों ही फिल्में हिट रहीं।

### पहला वर्जन पसंद नहीं था

फराह ने आगे बताया, 'मैंने 'हैप्पी न्यू ईयर' का जो पहला वर्जन लिखा था तब इस फिल्म की कहानी 4 ऐसे लड़कों पर बेस्ड थी जो अमेरिका जाना चाहते थे। शाहरुख को फिल्म का वो वर्जन पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कि मैं इस किरदार में काफी बूढ़ा दिखूंगा, यह किसी यंग लड़के का रोल है। यह मेरे लिए यह काफी स्ट्रेंज है क्योंकि अब मैं 'डंकी' का प्रोमो देख रही हूं। मेरी कहानी 'डंकी' से काफी हद तक मिलती हुई थी। बता दें फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' 2014 में रिलीज हुई थी। यह 'पीके' के बाद उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म थी। फिल्म में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन,सोनू सूद, बोमन ईरानी थे।

### 'मुन्नाभाई चले अमेरिका' का दूसरा वर्जन 'डंकी'!

डंकी के प्रोमो को देखकर यही अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में एक ऐसे ग्रुप की कहानी है जो बस यूएस पहुंचना चाहते हैं। फिर भले ही इसके लिए उन्हें गलत तरीका अपनाना पड़े। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि 'डंकी' राजकुमार हिरानी की ही दूसरी फिल्म 'मुन्ना भाई चले अमेरिका' का दूसरा वर्जन है। यह फिल्म कभी संजय दत्त और अरशद वारसी के साथ बनाई जानी थी, पर कभी बन नहीं पाई। बता दें शाहरुख खान की फिल्म डंकी का पहला टीचर उनके जन्मदिन रिलीज किया था। राजकुमार हिरानी की इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी सहित और भी कई सितारे हैं. फिल्म का पहला टीजर देखकर पता चलता है कि ये फिल्म अवैध आप्रवासि, घुसपैठिए के मुद्दे पर बनी है. ऐसे में फिल्म का नाम डंकी रखने के पीछे की वजह बिल्कुल साफ हो जाती है।

# नयनतारा करती थीं पार्ट टाइम मॉडलिंग

नयनतारा तमिल सिनेमा की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली नयनतारा के लिए ये साल खास इसलिए है, क्योंकि 2023 में उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 1100 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। 20 साल के सक्सेसफुल फिल्मी करियर में नयनतारा ने 90 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, जिनमें तमिल के अलावा तेलुगु और मलयालम फिल्में भी शामिल हैं। वो साउथ की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस भी हैं और 2018 में उन्हें फोर्ब्स इंडिया ने टॉप सेलिब्रिटी 100 की लिस्ट में जगह दी थी। नयनतारा अपना धर्म बदलने की वजह से भी चर्चा में रही हैं। साथ ही एक्टर-डांसर प्रभु देवा के साथ अफेयर, फिल्ममेकर विग्नेश सिवन से शादी के चार महीने बाद सरोगेसी से जुड़वां बच्चों की मां बनने को लेकर कुछ विवाद भी हुए।



### कई उतार-चढ़ाव भरी लाइफ

नयनतारा ने शुरुआत में ये ऑफर ठुकरा दिया क्योंकि उनकी रुचि फिल्मों में नहीं थी, लेकिन बाद में उन्होंने ये ऑफर सिर्फ इस शर्त पर स्वीकार कर लिया कि वो केवल एक फिल्म में काम करेंगी। इसके बाद नयनतारा ने 2003 में फिल्म मन्नासिन्नाकरे के जरिए डेब्यू किया। ये फिल्म हिट रही और नयनतारा को कुछ और फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। उन्होंने ये ऑफर स्वीकार कर लिए और इस तरह उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। नयनतारा वेलइक्करन, इमइक्का नोडिगल, कोलाइथुर कालम, जय सिम्हा, कोको जैसी फिल्मों में नजर आई हैं। नयनतारा मूल रूप से क्रिश्चियन थीं, लेकिन 7 अगस्त 2011 को उन्होंने चेन्नई के आर्य समाज मंदिर में हिंदू धर्म अपना लिया था। नयनतारा के इस फैसले से उनका परिवार बिल्कुल खुश नहीं था। उनके पेरेंट्स नहीं चाहते थे कि वो ईसाई से हिंदू बनें। एक इंटरव्यू में नयनतारा ने इस बारे में कहा था- हां मैंने हिंदू धर्म अपना लिया है।

# इमरान ने ऐश्वर्या-मल्लिका को लेकर विवादित बयान दिया था



इमरान हाशमी ने कहा कि इंडस्ट्री में उनके कई दुश्मन बन चुके हैं। दरअसल, इमरान हाशमी 2014 में करण जौहर के टॉक शो कॉफी विद करण में महेश भट्ट के साथ आए थे। इस दौरान शो में इमरान ने ऐश्वर्या राय बच्चन और मल्लिका शेरावत के ऊपर विवादित बयान दिया था। उन्होंने जूम के साथ इंटरव्यू के दौरान बताया- उस विवादित बयान के बाद मैंने इंडस्ट्री में कई दुश्मन बना लिए थे। उस इंसीडेट के बाद से मैंने चैट शो में जाना छोड़ दिया है। क्योंकि ये सब हैंडल करना बहुत मुश्किल हो जाता है। दरअसल, इमरान ने रैपिड फायर के दौरान प्लास्टिक बोलने पर ऐश्वर्या राय का नाम ले लिया था। इसके अलावा इमरान ने कहा- मैं आज भी वैसा हूं, अगर दोबारा मैं करण के शो में गया तो फिर से चीजें बिगड़ सकती हैं। क्योंकि मैं रैपिड फायर जैसे गेम में बहुत खराब हूं। इमरान ने अपनी सफाई में कहा कि मैं केवल शो में हैंपर जीतना चाह रहा था। वहां मैं कुछ भी सोच-समझकर नहीं बोल रहा था। इमरान अब किसी भी चैट शो में नहीं जाना चाहते हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब करण जौहर के शो में आने के बाद कोई सेलेब्स मुश्किल में पड़ा हो। इससे पहले भी 2019 में करण जौहर के शो में क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और के एल राहुल आए थे। शो में हार्दिक अपने विवादित बयान के चलते काफी ट्रोल किए गए थे। इतना ही नहीं इसी वजह से उन्हें एक साल के लिए टीम से सस्पेंड कर दिया गया था।

## फातिमा सना शेख ने किया बीतों दिनों को याद...बोली-

# शादी शूट किया करती थीं, इसी से जर्नी चली

फातिमा सना शेख हिंदी सिनेमा की एक पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। 2016 में रिलीज हुई दंगल से फातिमा लाइमलाइट में आईं। एक इंटरव्यू में फातिमा ने बताया कि विकिपीडिया ने उन्हें ब्लॉक किया हुआ था। उन्होंने ये भी कहा कि अपने शुरुआती दिनों में वे शादियां शूट किया करती थीं। फातिमा ने अपनी पसंदीदा फिल्मों के बारे में भी बात की। फातिमा सना शेख ने अपनी पढ़ाई के बारे में बताया कि उन्होंने 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। विकिपीडिया ने मुझे ब्लॉक किया हुआ है, तो मैं खुद के बारे में लिखी बातें भी नहीं बदल सकती। मैंने सिर्फ 12वीं तक ही पढ़ाई की है। उसके बाद पढ़ाई छोड़ दी। फातिमा ने ये भी कहा, मेरा और पढ़ाई का छत्तीस का आंकड़ा है, इसलिए मैंने पढ़ाई छोड़ दी। फिर ऑडिशन देना शुरू किया। एक फोटोग्राफर को भी असिस्ट किया। शादियां शूट किया करती थी। इसी तरह से मेरी जर्नी चलती रही। हिंदी सिनेमा की सबसे अच्छी चीज क्या लगती है? इस पर फातिमा ने कहा, कहानियां सुनाना। कहानियों के कारण लोगों का परसेप्शन चेंज होना। ये एक बहुत बड़ी चीज है क्योंकि अगर सिर्फ शब्दों या सीन से आपका थॉट प्रोसेस बदल जाए तो उससे बड़ी चीज और कुछ नहीं हो सकती है।



# ब्रेन ट्यूमर से परेशान मेडिकल स्टोर संचालक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कलियासोत इलाके में शनिवार दोपहर मेडिकल स्टोर संचालक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उसके पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी पहचान की गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मेडिकल स्टोर संचालक ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से परेशान थे और उनका इलाज भी चल रहा था। अनुमान है कि ब्रेन ट्यूमर से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। एएसआई अयोध्या प्रसाद यादव ने बताया कि शनिवार दोपहर सूचना मिली थी कि कलियासोत पुल रेलवे ट्रैक के पास किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव मर्चूरी पहुंचा दिया। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की पर्ची मिली थी। पर्ची और आधार कार्ड से उसकी पहचान प्रेमनारायण परमार (53) निवासी मंडीदीप के रूप में कर ली गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मर्चूरी पहुंचे थे। वहां उन्होंने पुलिस को बताया कि प्रेमनारायण मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे और सुबह साढ़े दस बजे घर से निकले थे। इसके बाद वह कलियासोत कैसे पहुंच गए और आत्महत्या कर ली उन्हें जानकारी नहीं है।



## बीमारी के कारण युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सूखी सेवनिया में रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। उसे बीमारी के चलते इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस के मुताबिक गुलशन मीना (22) सूखी सेवनिया में रहता था। वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। शुक्रवार सुबह करीब ग्यारह बजे तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

### मिसरोद पुलिस की कार्रवाई, सुरेंद्र लैंडमार्क की बिल्डिंग में चल रहा था सेक्स रैकेट

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, 3 युवती, दो ग्राहक सहित संचालक गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मिसरोद पुलिस ने सुरेंद्र लैंडमार्क में संचालित इवा स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई करते हुए यहां से देह व्यापार में लिप्त तीन युवतियों को गिरफ्तार किया है। स्पा सेंटर से दो ग्राहक और संचालक को भी गिरफ्तार किया है। स्पा सेंटर से पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की है। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।**



(प्रतीकात्मक तस्वीर)

एसीपी रजनीश कश्यप ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि सुरेंद्र इवा स्पा सेंटर में अनैतिक देह व्यापार चल रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस की टीम ने स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई की और यहां से तीन युवतियों और दो युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में देखा। पुलिस ने स्पा सेंटर की तलाशी ली तो यहां से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है। शनिवार शाम हुई इस कार्रवाई के बाद आसपास के स्पा सेंटर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने उक्त मामले में स्पा संचालक रिहान, ग्राहक ब्रज, कृष्णा और तीन युवतियों को गिरफ्तार किया है। सभी युवतियों की उम्र बीस से बाइस साल के बीच की बताई जा रही है और सभी भोपाल की है।

### आधा दर्जन से अधिक स्पा सेंटर संचालित, दबाव में कार्रवाई

सूत्रों की माने तो मिसरोद में एक नहीं, बल्कि आधा दर्जन से अधिक स्पा सेंटर संचालित है। इनमें अधिकतर स्पा सेंटरों में देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। बताया जाता है कि शनिवार शाम से यह कार्रवाई एक वरिष्ठ अधिकारी के कहने पर की गई है। एसीपी रजनीश कश्यप के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई तो कर दी, लेकिन एसीपी कश्यप और मिसरोद थाना प्रभारी मीडिया से कार्रवाई के तथ्य छिपाते नजर आए।

## एक्सीडेंट में बाइक सवार रेस्टारेंट संचालक गंभीर घायल




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रेस्टारेंट संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक अरुण कुमार वसाने (32) दानिश हिल्स व्यू टाउनशिप कोलार रोड पर रहते हैं और बावड़ियाकला शाहपुरा में रेस्टारेंट चलाते हैं। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह रेस्टारेंट बंद करके बाइक से घर लौट रहे थे। टू-स्टेट रेस्टारेंट के पास मेन रोड पर जाते समय दाहिनी तरफ से आए एक तेज रफ्तार दोपहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

**ADCP दंपती की बेटी का सुसाइड केस**

## भजन सुनते हुए छत से लगाई थी छलांग, डायरी खोलेगी मौत की वजह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल में गुरुवार रात एडिशनल DCP दंपती की बेटी 9वीं मंजिल से कूद गई। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई घटना की जांच जारी है। अब तक की जांच में पता चला है कि मेहती दीक्षित आत्महत्या के इरादे से ही 9वीं मंजिल पर पहुंची थी। एक युवक ने बताया कि लड़की को गिरते हुए किसी ने नहीं देखा। लेकिन गिरने के तत्काल बाद दोस्तों ने कॉल कर हादसे की सूचना दी। हम मौके पर पहुंचे। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसका मोबाइल पेंट की जेब में था। फोन में राम सिया राम भजन बज रहा था। इसके बाद मेरे दोस्तों ने ही भजन को बंद किया था। बाद में हम उस स्थान पर पहुंचे, जहां से उसने छलांग लगाई थी। वहां डायरी और जैकेट पड़ी थी। डायरी में पहले ही पन्ने पर एक जनवरी डेट लिखी थी, और कई पन्नों में कुछ-कुछ लिखा था। बाद में डायरी और फोन को पुलिस ने जब्त कर लिया।

## झंडा चोरी का लगाया आरोप तो किशोर ने लगा ली फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




राजधानी के दशहरा मैदान के पास छोला मंदिर शंकर नगर में रहने वाले एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसने खेलते समय पड़ोस में रहने वाली महिला के घर के बाहर लगा झंडा निकाल लिया था। पड़ोसन ने झंडा चोरी का आरोप लगाते हुए किशोर के घर पर जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने बताया कि दशहरा मैदान के पास शंकर नगर में रहने वाले मोहित पुत्र विनोद अहिरवार की मां बचपन में ही उसे छोड़कर जा चुकी है। बताया गया कि पिता की कुछ सालों पूर्व किसी ने हत्या कर दी थी। पन्द्रह वर्षीय मोहित अपनी दादी और चाचा महेंद्र के साथ रहता था। बीते दिनों वह बाहर खेल रहा था। तभी खेल ही खेल में उसने बाजू में रहने वाली महिला के घर के बाहर लगा झंडा निकाल लिया। इसके बाद विवाद हुआ और परिजनों ने उसे डांट दिया। इससे नाराज होकर उसने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी से डंपर का रेडिएटर और जेसीबी की हाइड्रोलिक समेत सामान चोरी

### रात्रि गश्त कर रही पुलिस की टीम ने सास-बहू को किया गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा की कंस्ट्रक्शन कंपनी से शनिवार सुबह डंपर का रेडिरेटर, जेसीबी की हाइड्रोलिंक उपकरण, समेत कॉपर वायर चुराकर जा रही सास बहू को पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर उन पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। महिलाओं से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार पुलिस की टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इस दौरान शनिवार सुबह दो महिलाएं हाथ में रेडिरेटर, जेसीबी हाईड्रोलिक के उपकरण, कॉपर वायर समेत अन्य सामान ले जाती हुई नजर आई। पुलिस ने महिलाओं से सामान के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उक्त सामान उन्होंने एच सेक्टर स्थित कुंडलेश्वर कंस्ट्रक्शन कंपनी से चुराया है। पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी कमल सिंह पटेल की शिकायत पर महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सामान जब्त कर लिया है। महिलाएं पारदी समाज की है।

## एलआईसी एजेंट के घर हुई चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



शहर में एक एलआइसी एजेंट के घर पर चोरों ने धावा बोलकर चोरी कर ली। घर का ताला तोड़कर चोरों ने गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने बताया कि बजरिया इलाके में रहने वाले बाबूलाल मेवाड़ा पुरुषोत्तम नगर फेस वन में रहते हैं। परिवार में पति-पत्नी के साथ बहू व बेटे भी रहते हैं। वह मतदान के दौरान बाहर थे जबकि शाम को बहू मायके चली गई थी। बाबूलाल व पत्नी रात 8 बजे खाना खाने के लिए पहली मंजिल पर चले गए। रात 9 बजे जब दोनों नीचे उतरे तो उन्हें अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। इसमें रखी हुई सोने-चांदी के जेवर चोरी मिले। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** | चुनाव ड्यूटी से लौटा बल, अब गिरफ्तारी के लिए टीम होंगी रवाना

# बिलखिरिया डकैती मामला: टैक्निकल टीम के बाद धरपकड़ के लिए बनाई टीम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित राजधानी परिसर फेस टू में डीआरडीओ के रिटायर्ड अधिकारी के घर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात डकैती डालने वाले डकैतों का सुराग नहीं लग सका है। दरअसल, घटना के दो दिन बाद ही मतदान होने के कारण थाने का नब्बे फीसदी फोर्स चुनाव ड्यूटी में तैनात हो गया था। अब मतदान खत्म होने के और इवीएम मशीन स्टांग रूम तक पहुंचाने के बाद थाने में फोर्स लौट आया है। घटना के बाद देहात के अधिकारियों ने एक टैक्निकल टीम बनाई थी। उस टीम में सायबर और क्राइम ब्रांच को शामिल किया है। टैक्निकल टीम की अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि डकैत बायपास होते हुए ही विदिशा या फिर राजगढ़ की तरफ निकले हैं।

पुलिस को वारदात के दूसरे दिन ही शालिन बिरमानी की आरवन फाइव स्पोर्ट्स बाइक सूखीसेवनिया में लावारिस खड़ी मिली थी। बाइक मिलने के बाद पुलिस ने बायपास पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने शुरू कर दिए है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हां ने बताया कि राजधानी फेस टू निवासी डीआरडीओ के रिटायर्ड अधिकारी राम प्रकाश बिरमानी के घर डकैती डालने वालों के हुलिए और बोलचाल के अनुसार कयास लगाए जा रहे हैं कि वह वारदात में राजगड़ के कंजर गिरोह का हाथ हो सकता है। लिहाजा धरपकड़ के लिए बनाई गई टीम को राजगढ़ और विदिशा भेजा जाएगा। फिलहाल टीम में शामिल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने स्तर पर मुखबिर तंत्र के माध्यम से डकैतों के बारे में जानकारी जुटाए।



### यह है मामला

उल्लेखनीय है कि राजधानी फेस टू निवासी, डीआरडीओ के 67 साल के रिटायर्ड अधिकारी राम प्रकाश बिरमानी के घर गत सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात दो बजे के आसपास डकैतों ने वारदात को अंजाम दिया था। पथराव करने के बाद डकैतों ने उनके घर की ग्रिल काटी और बीस हजार रुपए की नगदी समेत जेवरात और तीन बाइक लेकर गए थे। रास्ते में दो बाइक डकैतों ने डायल 100 को देखकर छोड़ दी थी, जबकि तीसरी बाइक पुलिस को सूखीसेवनिया में मिली थी।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022